रजिस्ट्री सं० डी० एल० 33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 247] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 8, 2012/कार्तिक 17, 1934
No. 247] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 8, 2012/KARTIKA 17, 1934

Make in India

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 8 नवम्बर, 2012

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् [तकनीकी संस्थाओं (डिग्री) में शिक्षकों तथा अन्य शैक्षणिक स्टॉफ के लिए कैरियर उन्नति योजना] विनियम, 2012

फा. सं. 37-3/विधिक/अभातशिप/2012.— अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद अधिनियम, 1987 (1987 का 52) की धारा 10 (i) और (v) के साथ पठित धारा 23 की उप–धारा (1) के अधीन प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद निम्न विनियम बनाती है :–

1. **संक्षिप्त नाम, प्रयोज्यता एवं आरंभ :**

1.1 इन विनियमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् [तकनीकी संस्थाओं (डिग्री) में शिक्षकों तथा अन्य शैक्षणिक स्टॉफ के लिए कैरियर उन्नति योजना] विनियम, 2012 कहा जाएगा।

1.2 ये उन सभी अभातशिप अनुमोदित तकनीकी संस्थाओं तथा मानित विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं सहित, उन विश्वविद्यालयों पर लागू होंगे, जो तकनीकी शिक्षा तथा ऐसे अन्य पाठ्यक्रम/कार्यक्रम और विषय–क्षेत्र संचालित कर रहे हैं, जैसेकि परिषद द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किए गए हैं।

1.3 ये इनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

परंतु किसी स्थिति में, कोई अभ्यर्थी इन विनियमों की शर्तों के अनुसार दिनांक 05 मार्च, 2010 को या उसके बाद कैरियर उन्नति योजना के अंतर्गत पदोन्नति के लिए पात्र होता है, तो उसकी पदोन्नति इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसार होगी।

2. कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) :

2.1 जो शिक्षक सी.ए.एस. के अंतर्गत पदोन्नति के लिए विचार किए जाने हेतु इच्छुक है, वह नियत तिथि से पूर्व तीन माह के भीतर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय को लिखित में यह प्रस्तुत करेगा/करेगी कि वह सी.ए.एस. के अंतर्गत सभी अर्हताओं की पूर्ति करता/करती है तथा संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए प्रपत्र में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय को निष्पादन आधारित मूल्यांकन प्रणाली (पी.बी.ए.एस.) को प्रस्तुत करेगा/करेगी, जिसके साथ इन विनियमों में निर्धारित अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई.) दिशानिर्देश (परिशिष्ट–I) के अनुसार प्रत्यायक अवश्य ही संलग्न किए जाने चाहिएं।

2.2 सी.ए.एस. के अंतर्गत विभिन्न पदों में चयन समिति की बैठकों को आयोजित करने में होने वाले विलंब को बचाने के लिए विश्वविद्यालय/महाविद्यालय को स्क्रीनिंग/चयन की प्रक्रिया को तत्काल आरंभ करना चाहिए तथा आवेदन की तिथि से छः माह के भीतर प्रक्रिया को पूरा कर लेना चाहिए। इसके अलावा, किसी भी कठिनाई से बचने के लिए, जो अभ्यर्थी इन विनियमों में उल्लिखित अन्य मानदंडों की दिनांक 5 मार्च, 2010 तक तथा इस विनियम के अधिसूचित होने की तिथि तक पूर्ति करते हैं, उनके नामों पर 5 मार्च, 2010 को अथवा उसके पश्चात् उस तिथि से जब वे इन पात्रता शर्तों की पूर्ति करते हैं, पदोन्नति पर विचार किया जा सकता है।

2.3 जो अभ्यर्थी परिशिष्ट–I की तालिका–II (क और ख) के अनुसार विनियमों में प्रस्तावित ए.पी.आई. अंक प्रणाली के अंतर्गत न्यूनतम अंक अपेक्षा पूरी नहीं करते हैं अथवा जो चयन प्रक्रिया के विशेषज्ञ आकलन में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं, उनका पुनःमूल्यांकन न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के पश्चात् ही किया जाएगा। पदोन्नति की तिथि वह तिथि होगी, जिसको उसका सफलतापूर्वक पुनः मूल्यांकन कर लिया गया है।

2.4 इन विनियमों के खंड 4 में यथाविनिर्दिष्ट चयन समिति के विनिर्देशन सहायक प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर तथा एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के लिए कैरियर उन्नति के अंतर्गत पदोन्नतियों पर लागू होंगे।

2.5 किसी निम्न ग्रेड से सहायक प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर के उच्च ग्रेड के लिए सी.ए.एस. पदोन्नतियां "स्क्रीनिंग–सह–मूल्यांकन समिति" द्वारा संचालित की जाएंगी, जिसमें **परिशिष्ट–I** की तालिकाओं में निष्पादन आधारित मूल्यांकन प्रणाली (पी.बी.ए.एस.) में अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई.) अंक के अनुसार निर्धारित मानदंडों का अनुपालन किया जाएगा।

2.6 सहायक प्रोफेसरों/एसोसिएट–प्रोफेसरों की एक एजीपी से अन्य उच्च एजीपी के सी.ए.एस. पदोन्नति के लिए "स्क्रीनिंग–सह–मूल्यांकन समिति" निम्न से मिलकर बनेगी :–

(1) **विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के लिए "स्क्रीनिंग–सह–मूल्यांकन समिति" :**

[i] कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति, समिति के अध्यक्ष के रूप में ;

[ii] संबंधित संकाय का डीन;

[iii] स्कूल का अध्यक्ष/विभागाध्यक्ष; तथा

[iv] कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के पैनल में से विषय का एक नामित विशेषज्ञ।

(2) **महाविद्यालयों (कालेजों) के शिक्षकों के लिए "स्क्रीनिंग–सह–मूल्यांकन समिति" :**

[i] महाविद्यालय का प्राचार्य/निदेशक;

[ii] महाविद्यालय के संबंधित विभागाध्यक्ष, जहां विभागाध्यक्ष नहीं है, वहां पर प्राचार्य/निदेशक द्वारा नामित कोई प्रोफेसर, जोकि उसी संस्थान अथवा संबंधित विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र के किसी भी संस्थान का हो सकता है ; तथा

[iii] कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के पैनल में से संबंधित विषय के दो नामित विशेषज्ञ

(3) **सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/सरकारी स्वायत्त महाविद्यालयों हेतु :**

[i] जैसा कि संबंधित राज्य सरकारों/शासी मंडल द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

2.7 उपर्युक्त वर्णित दोनों श्रेणियों की इन समितियों के कोरम हेतु एक विषय विशेषज्ञ/विश्वविद्यालय के नामिती सहित कम से कम तीन व्यक्तियों की उपस्थिति आवश्यक है।

2.8 इन विनियमों पर आधारित 'पी.बी.ए.एस.' पद्धति, जोकि संबंधित विश्वविद्यालय/तकनीकी शिक्षा निदेशालय द्वारा बनाई गई है, के माध्यम से तथा परिशिष्ट–I की तालिका–II और III में निर्दिष्ट न्यूनतम अपेक्षा के अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त ए.पी.आई. अंकों के सत्यापन/मूल्यांकन पर स्क्रीनिंग–सह–मूल्यांकन समिति सी.ए.एस. के अंतर्गत अभ्यर्थी (र्थियों) की पदोन्नति के लिए उपयुक्तता के बारे में, सहायक प्रोफेसर के प्रत्येक कैडर के लिए विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के सिंडिकेट/कार्यकारिणी परिषद्/प्रबंधन मंडल को क्रियान्वयन के लिए सिफारिश करेगी।

2.9 उपर्युक्त चयन की समस्त प्रक्रियाएं चयन समिति की बैठक के दिन ही पूरी हो जाएंगी, जिसमें बैठक का कार्यवृत्त दर्ज किया जाएगा, जिसमें चयनित के पी.बी.ए.एस. स्कोरिंग प्रपत्र सहित चयनित का ब्यौरा तथा मैरिट के आधार पर जो अनुसंशा की गई, को कार्यवृत्त में दर्ज करते हुए चयन समिति के सभी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित होंगे।

2.10 सी.ए.एस. पदोन्नति पदधारी शिक्षक की वैयक्तिक पदोन्नति होने के नाते, वह मूल स्वीकृत पद धारण करता है और उसकी सेवानिवृत्ति में उक्त पद अपने मूल संवर्ग में वापस चला जाएगा।

2.11 पदधारी शिक्षक को चयन/सी.ए.एस. पदोन्नति हेतु चयन समिति द्वारा विचार करने की तिथि को विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की सक्रिय सेवा में होना चाहिए।

2.12 अभ्यर्थी यदि उपयुक्त ए.पी.आई. प्रणाली तालिका में दर्शाए गये न्यूनतम ए.पी.आई. अंकों को पूरा करते हैं, तो उन्हें पदोन्नति के लिए मूल्यांकन हेतु स्वयं आवेदन करना चाहिए। यदि वे अपने आपको अर्हक मानते हैं, तो पदोन्नति की नियत तिथि से तीन माह पूर्व वे ऐसा कर सकते हैं। सी.ए.एस. पदोन्नतियों के लिए पात्र अभ्यर्थियों के सूचनार्थ तथा इसके लिए आवेदन मांगने हेतु संबंधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय वर्ष में दो बार सामान्य परिपत्र जारी करेगा।

2.13 मुख्य मूल्यांकन में, यदि अभ्यर्थी प्रस्तावित पी.बी.ए.एस. प्रोफार्मा के अधीन न्यूनतम आवश्यक अंक पाने में अथवा चयन प्रक्रिया के विशेषज्ञ मूल्यांकन में 50 प्रतिशत अंक पाने में असफल होते हैं, जैसा भी लागू हो, उन अभ्यर्थियों का न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के बाद पुनः मूल्यांकन किया जाएगा।

2.14 यदि कोई अभ्यर्थी न्यूनतम अर्हता अवधि के पूर्ण होने के ठीक बाद पदोन्नति हेतु आवेदन करता है और सफल हो जाता/जाती है, तो पदोन्नति की तिथि न्यूनतम पात्रता अवधि पूरी होने की तिथि से लागू होगी।

2.15 जबकि, यदि, अभ्यर्थी बाद की तिथि को यह पाता है कि वह पात्रता अर्हता पूरी करता/करती है तथा वह उस तिथि को आवेदन करता/करती है और सफल हो जाता/जाती है, तब उसकी पदोन्नति आवेदन की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी।

2.16 यदि अभ्यर्थी पहले मूल्यांकन में सफल नहीं होता है, परंतु पश्यातवर्ती मूल्यांकन में सफल हो जाता/जाती है, तो उसकी पदोन्नति सफलतापूर्वक मूल्यांकन होने की तिथि से मानी जाएगी।

3. पदधारियों और नवनियुक्त सहायक प्रोफेसरों/एसोसिएट–प्रोफेसरों/प्रोफेसरों की कैरियर उन्नति योजना के अंतर्गत पदोन्नति के चरण :

3.1 प्रवेश स्तर पर सहायक प्रोफेसर (चरण–एक) कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) के अंतर्गत दो पावती चरणों (चरण दो और चरण तीन) के बाद पदोन्नति के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि

पात्रता और कार्य निष्पादन मानदंड, जैसे कि अगले खण्ड में दर्शाये गये हैं, के अनुरूप उनका मूल्यांकन किया जाए।

3.2 भूतलक्षी प्रभाव से सूचना को एकत्र करने और सी.ए.एस. पदोन्नतियों में 05 मार्च, 2010 से इन विनियमों के क्रियान्वयन में कठिनाईयों को समाप्त करने के उपाय के रूप में ए.पी. आई. आधारित पी.बी.ए.एस. को भविष्य में उत्तरोत्तर समाप्त कर दिया जाएगा। तद्नुसार, जैसाकि परिशिष्ट– I की तालिकाओं में उल्लेख किया है, श्रेणी एक और दो का ए.पी.आई. के अंकों के आधार पर पी.बी.ए.एस. को एक वर्ष के लिए क्रियान्वित करना है, प्रारम्भ में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की मौजूदा प्रणाली के आधार पर विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु तालिका – II (क) तथा II (ख) में दर्शाये गए न्यूनतम वार्षिक अंक एक वर्ष के लिए होंगे। वर्षीयकृत ए.पी.आई. अंकों को प्रगामी रूप से सहयोजित किया जा सकता है, जब शिक्षक अगले संवर्ग में सी.ए.एस. पदोन्नति के लिए योग्य हो जाएं। यदि किसी शिक्षक पर 2013 में सी.ए.एस. पदोन्नति के लिए विचार किया जाता है, तो 2012–13 के लिए केवल एक वर्ष के ए.पी.आई. अंक मूल्यांकन के लिए अपेक्षित होंगे। यदि शिक्षक पर 2014 में सी.ए.एस. पदोन्नति के लिए विचार किया जा रहा है, तो इन श्रेणियों के लिए दो वर्ष के ए.पी.आई. अंक संचयी अंक मूल्यांकन के लिए अपेक्षित होंगे तथा इसी प्रकार पूर्ण मूल्यांकन अवधि के लिए उत्तरोत्तर रूप से आगे चलेंगे।

3.3 चार वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सहायक प्रोफेसर, जो प्रासंगिक विषयक्षेत्र में पीएच.डी. डिग्रीधारक हों, वे अगला रू0 7000/– का उच्च ग्रेड (चरण–2) प्राप्त करने के पात्र होंगे।

3.4 पाँच वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सहायक प्रोफेसर, जो संगत सांविधिक निकाय द्वारा अनुमोदित व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर अथवा एम.फिल. डिग्रीधारक हों, वे अगला रू0 7000/– का उच्च ग्रेड (चरण–2) प्राप्त करने के पात्र होंगे।

3.5 सहायक प्रोफेसर, जोकि प्रासंगिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम में पीएच.डी. अथवा एम.फिल. अथवा स्नातकोत्तर डिग्री धारक नहीं है, वे सहायक प्रोफेसर के रूप में छः वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर ही अगला रू0 7000/– का उच्च ग्रेड (चरण 2) प्राप्त करने के पात्र होंगे।

3.6 सभी सहायक प्रोफेसरों के लिए प्रवेश स्तर ग्रेड (चरण एक) से रूपये 7000/– के अगले उच्च ग्रेड (चरण दो) में पहुंचना अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा इस विनियम में बनाए ए.पी.आई. आधारित पी.बी.ए.एस. की शर्तों के अधीन होगा।

3.7 रूपये 7000/– (चरण दो) ग्रेड में पाँच वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सहायक प्रोफेसर, इन विनियमों में उल्लिखित ए.पी.आई. आधारित पी.बी.ए.एस. की शर्तों को पूरा करने के बाद ही रूपये 8000/– (चरण तीन) के अगले उच्च ग्रेड में जाने के पात्र होंगे।

3.8 रू0 8000/– के ग्रेड (चरण–तीन) में तीन वर्षों की सेवा पूर्ण कर चुके सहायक प्रोफेसर रूपये 9000/– के अगले उच्च ग्रेड (चरण–चार) के साथ रू0 37400–67000 के वेतन बैंड में जाने के लिए इन विनियमों में उल्लिखित अर्हक शर्तों तथा ए.पी.आई. आधारित पी. बी.ए.एस. शर्तों को पूरा करने के बाद ही पात्र होंगे तथा एसोसिएट–प्रोफेसर के रूप में

IndiaCode

पदनामित किए जाने के पात्र होंगे। यद्यपि दिनांक 5 मार्च, 2010 के बाद सेवा में आने वालों को चरण–4 में जाने हेतु ऊपर उल्लिखित अपेक्षाओं के साथ–साथ पीएच.डी. डिग्री भी अर्जित करनी होगी।

3.9 चरण–4 में तीन वर्षों की सेवा पूर्ण कर चुके एसोसिएट–प्रोफेसर, जोकि प्रासंगिक विषयक्षेत्र में पीएच.डी. डिग्रीधारक हैं, अगले रू0 10000/– के उच्च ग्रेड (चरण–पाँच) में नियुक्त होने तथा प्रोफेसर के रूप में निम्नलिखित शर्तों के साथ पदनामित होने के पात्र होंगे :–

(क) परिशिष्ट–I की सारणी में दिए गए ए.पी.आई. आधारित पी.बी.ए.एस. आवश्यकताओं के अनुसार आवश्यक क्रेडिट अंकों की पूर्ति होने पर , तथा

(ख) प्रोफेसर की सीधी भर्ती हेतु गठित की जाने वाली चयन समिति द्वारा मूल्यांकन के बाद पात्र होंगे।
परन्तु गैर पी.एच–डी. डिग्रीधारक शिक्षक को प्रोफेसर के रूप में पदोन्नत अथवा नियुक्त नहीं किया जाएगा।

4. चयन समितियों एवं चयन प्रक्रिया के लिए दिशा–निर्देश :

अभातशिप ने इस हेतु निम्न दिशा–निर्देशों को विकसित किया है :

(क) सीधी भर्ती तथा सी.ए.एस. के अंतर्गत सहायक प्रोफेसर, एसोसियेट–प्रोफेसर, प्रोफेसर के चयन हेतु चयन समितियों का गठन।

(ख) विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों की सीधी भर्ती एवं कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) विनियमों के अंतर्गत पदोन्नति के लिए विनिर्दिष्ट चयन प्रक्रिया। जबकि, विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अन्य शैक्षणिक स्टॉफ के लिए दिनांक 30.06.2009 के यू.जी.सी. दिशा निर्देशों तथा इसके बाद यू.जी.सी. द्वारा जारी किए गए इसके अन्य संशोधनों/शुद्धिपत्रों/स्पष्टीकरणों का अनुपालन किया जाए।

5. चयन समिति विनिर्देश :

5.1 विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर :

विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद के लिए चयन समिति का गठन निम्न प्रकार से होगा :

1 कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति ही इस चयन समिति के अध्यक्ष होंगे।

2 संबंधित विश्वविद्यालय के सांविधिक निकाय द्वारा जिन सदस्यों के नामों के पैनल को अनुमोदित किया गया हो–उनमें से तीन संबद्ध विषय के विशेषज्ञों को कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति द्वारा नामित किया जाएगा।

3 जहां भी लागू हो, संबंधित संकाय का डीन।

4 विभाग/स्कूल का प्रमुख/अध्यक्ष।

5 विजिटर/कुलाधिपति द्वारा नामित एक अकादमिशियन, जहाँ लागू हो।

6 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/महिलाएं /पृथक रूप से शारीरिक विकलांग श्रेणियों का प्रतिनिधित्व एक अकादमीशियन द्वारा किया जाना चाहिए, ऐसी स्थिति में जबकि उन श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्याशियों में ही कोई एक व्यक्ति ही आवेदक हो; तथा उस अकादमीशियन को कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति द्वारा नामित किया जाना चाहिए–उस स्थिति में, यदि चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों में से कोई भी इन श्रेणियों से संबद्ध नहीं है।

बैठक के लिए समिति का कोरम न्यूनतम पाँच सदस्यों का होगा–जिनमें तीन विषय विशेषज्ञों में से कम से कम दो उपस्थित होंगे।

5.2 **विश्वविद्यालयों में एसोसिएट–प्रोफेसर** :

विश्वविद्यालय में एसोसिएट–प्रोफेसर के पद के लिए चयन समिति का गठन निम्न प्रकार से होगा :

1 कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति ही इस चयन समिति के अध्यक्ष होंगे।

2 विजिटर/कुलाधिपति द्वारा नामित एक अकादमिशियन, जहाँ लागू हो।

3 संबंधित विश्वविद्यालय के सांविधिक निकाय द्वारा जिन सदस्यों के नामों के पैनल को अनुमोदित किया गया हो, उनमें से तीन संबद्ध विषय/क्षेत्र के विशेषज्ञों को कुलपति द्वारा नामित किया जाएगा।

4 संकाय का डीन, जहाँ लागू हो।

5 विभाग/स्कूल का प्रमुख/अध्यक्ष।

6 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/महिलाएं/पृथक रूप से शारीरिक विकलांग श्रेणियों का प्रतिनिधित्व एक अकादमीशियन द्वारा किया जाना चाहिए, ऐसी स्थिति में जबकि उन श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्याशियों में ही कोई एक व्यक्ति ही आवेदक हो; तथा उस अकादमीशियन को कुलपति द्वारा नामित किया जाना चाहिए–उस स्थिति में, यदि चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों में से कोई भी इन श्रेणियों से संबद्ध नहीं है।

चयन समिति की बैठक का कोरम न्यूनतम पाँच सदस्यों का होगा–जिसमें तीन विषय–विशेषज्ञों में से कम से कम दो उपस्थित होंगे।

5.3 **विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर** :

विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद के लिए चयन समिति का गठन ठीक उसी प्रकार का

IndiaCode

होगा जैसा कि उपर्युक्त खण्ड में एसोसिएट–प्रोफेसर के पद के लिए चयन समिति का गठन किया गया है।

5.4 **निजी महाविद्यालयों सहित महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर :**

निजी महाविद्यालयों सहित महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर के पद के लिए चयन समिति का गठन निम्न प्रकार से होगा :

1 इस चयन समिति का अध्यक्ष, महाविद्यालय के शासी निकाय का अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा नामित व्यक्ति, जो उनके सदस्यों में से होगा–वही चयन समिति का अध्यक्ष होगा।

2 महाविद्यालय का प्रिंसिपल / निदेशक।

3 महाविद्यालय में सम्बद्ध विषय का विभागाध्यक्ष।

4 संबद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति की ओर से नामित दो व्यक्ति हों, जिनमें से एक व्यक्ति विषय विशेषज्ञ होना चाहिएं। ऐसे महाविद्यालय, जिन्हें अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों के रूप में अधिसूचित / घोषित कर दिया गया है, उस स्थिति में महाविद्यालय के अध्यक्ष की ओर से दो नामित व्यक्ति–पांच व्यक्तियों की नामसूची में से होंगे जो कि अधिमान्य तौर से अल्पसंख्यक समुदायों से हों–जिन्हें सम्बद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति द्वारा, विशेषज्ञों के उस पैनल में से अनुशंसित किया गया हो, जिस पैनल को महाविद्यालय के संगत सांविधिक निकाय ने प्रस्तावित किया हो–तथा जिनमें से एक व्यक्ति विषय विशेषज्ञ हो।

5 महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा ऐसे दो विषय–विशेषज्ञों को नामित किया जाना चाहिए, जो उस महाविद्यालय से जुड़े हुए नहीं हों–और जिन व्यक्तियों को कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति द्वारा, विषय–विशेषज्ञों के पांच नामों के उस पैनल में से अनुशंसित किया गया हो, जिस सूची को संबंधित विश्वविद्यालय के संगत सांविधिक निकाय द्वारा अनुमोदन किया गया हो।

6 ऐसे महाविद्यालय, जिन्हें अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों के रूप में अधिसूचित / घोषित कर दिया गया है–उस स्थिति में उस संबंधित महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा दो ऐसे विषय विशेषज्ञों को नामित किया जाना चाहिए, जिनका विश्वविद्यालय से संबंध न हो, और जिनको, उन पांच व्यक्तियों की सूची में से नामित किया गया हो, जो अधिमानतः अल्पसंख्यक समुदाय से हों–और उस सूची की अनुशंसा कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति द्वारा विषय विशेषज्ञों की उस सूची में से की गई हो–जिसे कि महाविद्यालय के संगत सांविधिक निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया हो।

7 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/महिलाएं/पृथक रूप से शारीरिक विकलांग श्रेणियों का प्रतिनिधित्व एक अकादमीशियन द्वारा किया जाना चाहिए, ऐसी स्थिति में जबकि उन श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्याशियों में ही कोई एक व्यक्ति ही आवेदक हो; तथा उस अकादमीशियन को कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति द्वारा नामित किया जाना चाहिए–उस स्थिति में, यदि चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों में से कोई भी इन श्रेणियों से संबद्ध नहीं है।

चयन समिति की बैठक का कोरम न्यूनतम पॉच सदस्यों का होगा–जिसमें तीन विषय–विशेषज्ञों में से कम से कम दो उपस्थित होंगे।

सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/सरकारी स्वायत्त महाविद्यालयों में समस्त अध्यापन स्तर वाले पदों के लिए राज्य लोक सेवा आयोगों/शिक्षक भर्ती बोर्डों द्वारा अनिवार्य तौर से तीन विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित करना चाहिए–जिसके लिए संबंधित विश्वविद्यालय को भी नियोक्ता प्राधिकरण द्वारा चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

किसी भी विश्वविद्यालय के आंगिक महाविद्यालयों में अध्यापन पदों के समस्त स्तरों के लिए, चयन समिति के मानदंड वे ही होंगे, जैसे कि उस विश्वविद्यालय के विभागों में विद्यमान पदों के लिए हैं।

5.5 **निजी महाविद्यालयों सहित महाविद्यालयो में एसोसिएट–प्रोफेसर :**

निजी महाविद्यालयों सहित महाविद्यालयों में एसोसिएट–प्रोफेसर के पद के लिए चयन समिति का गठन निम्न प्रकार से होगा :

1 इस चयन समिति का अध्यक्ष, महाविद्यालय के शासी निकाय का अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा नामित व्यक्ति, जो उनके सदस्यों में से होगा–वही चयन समिति का अध्यक्ष होगा।

2 महाविद्यालय का प्रिंसिपल/निदेशक।

3 महाविद्यालय में सम्बद्ध विषय का विभागाध्यक्ष।

4 विश्वविद्यालय के कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति की ओर से नामित दो व्यक्ति होंगे, जिनमें से एक महाविद्यालय विकास परिषद् का डीन अथवा विश्वविद्यालय में उसके समकक्ष पद वाला व्यक्ति होना चाहिए तथा दूसरा व्यक्ति विषय विशेषज्ञ होना चाहिएं। ऐसे महाविद्यालय, जिन्हें अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों के रूप में अधिसूचित/घोषित कर दिया गया है, उस स्थिति में महाविद्यालय के अध्यक्ष की ओर से दो नामित व्यक्ति–पांच व्यक्तियों की नामसूची में से होंगे जो कि अधिमान्य

तौर से अल्पसंख्यक समुदायों से हों–जिन्हें सम्बद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा, विशेषज्ञों के उस पैनल में से अनुशंसित किया गया हो, जिस पैनल को महाविद्यालय के संगत सांविधिक निकाय ने प्रस्तावित किया हो–तथा जिनमें से एक व्यक्ति विषय विशेषज्ञ हो।

5 महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा ऐसे दो विषय–विशेषज्ञों को नामित किया जाना चाहिए, जो उस महाविद्यालय से जुड़े हुए नहीं हों–और जिन व्यक्तियों को कुलपति द्वारा, विषय–विशेषज्ञों के पांच नामों के उस पैनल में से अनुशंसित किया गया हो, जिस सूची को संबंधित विश्वविद्यालय के संगत सांविधिक निकाय द्वारा अनुमोदन किया गया हो। ऐसे महाविद्यालय, जिन्हें अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों के रूप में अधिसूचित/घोषित कर दिया गया है–उस स्थिति में उस संबंधित महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा दो ऐसे विषय विशेषज्ञों को नामित किया जाना चाहिए, जिनका विश्वविद्यालय से संबंध न हो, और जिनको, उन पांच व्यक्तियों की सूची में से नामित किया गया हो, जो अधिमानतः अल्पसंख्यक समुदाय से हों–और उस सूची की अनुशंसा कुलपति अथवा कार्यवाहक कुलपति द्वारा विषय विशेषज्ञों की उस सूची में से की गई हो–जिसे कि महाविद्यालय के संगत सांविधिक निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया हो।

6 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/महिलाएं/पृथक रूप से शारीरिक विकलांग श्रेणियों का प्रतिनिधित्व एक अकादमीशियन द्वारा किया जाना चाहिए, ऐसी स्थिति में जबकि उन श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्याशियों में ही कोई एक व्यक्ति ही आवेदक हो; तथा उस अकादमीशियन को कुलपति द्वारा नामित किया जाना चाहिए उस स्थिति में, यदि चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों में से कोई भी इन श्रेणियों से संबद्ध नहीं है।

चयन समिति की बैठक का कोरम न्यूनतम पाँच सदस्यों का होगा–जिसमें तीन विषय–विशेषज्ञों में से कम से कम दो उपस्थित होंगे।

सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/सरकारी स्वायत्त महाविद्यालयों में समस्त अध्यापन स्तर वाले पदों के लिए राज्य लोक सेवा आयोगों/शिक्षक भर्ती बोर्डों द्वारा अनिवार्य तौर से तीन विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित करना चाहिए जिसके लिए संबंधित विश्वविद्यालय को भी नियोक्ता प्राधिकरण द्वारा चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

किसी भी विश्वविद्यालय के आंगिक महाविद्यालयों में अध्यापन पदों के समस्त स्तरों के लिए, चयन समिति के मानदंड वे ही होंगे, जैसे कि उस विश्वविद्यालय के विभागों में विद्यमान पदों के लिए हैं।

5.6 **निजी महाविद्यालयों सहित महाविद्यालयो में प्रोफेसर :**
निजी महाविद्यालयों सहित महाविद्यालयों में प्रोफेसर के पद के लिए चयन समिति का गठन ठीक उसी प्रकार का होगा जैसा कि उपर्युक्त खण्ड में एसोसिएट--प्रोफेसर के पद के लिए चयन समिति का गठन किया गया है।

सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/सरकारी स्वायत्त महाविद्यालयों में समस्त अध्यापन स्तर वाले पदों के लिए राज्य लोक सेवा आयोगों/शिक्षक भर्ती बोर्डों द्वारा अनिवार्य तौर से तीन विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित करना चाहिए-जिसके लिए संबंधित विश्वविद्यालय को भी नियोक्ता प्राधिकरण द्वारा चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाना चाहिएं।

किसी भी विश्वविद्यालय के आंगिक महाविद्यालयों में अध्यापन पदों के समस्त स्तरों के लिए, चयन समिति के मानदंड वे ही होंगे, जैसे कि उस विश्वविद्यालय के विभागों में विद्यमान पदों के लिए हैं।

5.7 **महाविद्यालयों में प्रिंसिपल/निदेशक :**

महाविद्यालयों मे प्रिंसिपल/निदेशक के पद के लिए चयन समिति का गठन निम्न प्रकार से होगा:

1 महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष ही इस चयन समिति के अध्यक्ष होंगे।

2 महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा नामित शासी निकाय के दो सदस्य जिनमें से एक अकादमिक प्रशासन में विशेषज्ञ हो।

3 कुलपति द्वारा नामित एक सदस्य जोकि उच्च शिक्षा विशेषज्ञ हो।

4 संबंधित विश्वविद्यालय के सांविधिक निकाय द्वारा जिन छह सदस्यों के नामों के पैनल को अनुमोदित किया गया हो-उनमें से तीन विशेषज्ञों को महाविद्यालय के शासी निकाय द्वारा नामित किया जाएगा, जिनमें से एक महाविद्यालय के प्रिंसिपल/निदेशक हो, एक प्रोफेसर हो तथा एक निपुण शिक्षाविद् हो, जोकि प्रोफेसर से स्तर से कम न हों।

5 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/महिलाएं /पृथक रूप से शारीरिक विकलांग श्रेणियों का प्रतिनिधित्व एक अकादमीशियन द्वारा किया जाना चाहिए, ऐसी स्थिति में जबकि उन श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्याशियों में ही कोई एक व्यक्ति ही आवेदक हो; तथा उस अकादमीशियन को कुलपति द्वारा नामित किया जाना चाहिए--उस स्थिति में, यदि चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों में से कोई भी इन श्रेणियों से संबद्ध नहीं है।

IndiaCode

बैठक के लिए समिति का कोरम न्यूनतम पाँच सदस्यों का होगा–जिनमें से तीन विषय विशेषज्ञों में से कम से कम दो उपस्थित होंगे।

चयन समिति की समस्त कार्यवाहियां उनकी बैठक के दिन ही पूरी हो जाएंगी–जिसमें बैठक का कार्यवृत्त दर्ज किया जाएगा, जिसमें स्कोरिंग प्रपत्र सहित, मेरिट के आधार पर जो भी अनुशंसा की गई हो–चयनित की सूची तथा प्रतीक्षा सूची वाले प्रत्याशी/मेरिट के आधार पर नामों की सूची, ये सभी दस्तावेज चयन समिति के सभी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित होंगे।

महाविद्यालय के प्रिंसिपल/निदेशक की नियुक्ति की अवधि (कार्यकाल) पांच वर्षों की होगी, जिसकी पुनर्नियुक्ति पात्रता पूरी होने पर इसी तरह चयन समिति की प्रक्रिया के बाद एक और अवधि के लिए की जा सकती है।

6. सीधी भर्ती तथा कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) के अंतर्गत पदोन्नति के लिए पिछली सेवाओं को सम्मिलित करना :

6.1 विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं अथवा अन्य वैज्ञानिक/व्यावसायिक संगठनों जैसे कि, सी.एस.आई.आर., आई.सी.ए.आर., डी.आर.डी.ओ., यू.जी.सी., आई.सी.एस.एस.आर., आई.सी.एच.आर., आई.सी.एम.आर, डी.बी.टी. इत्यादि में सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर अथवा प्रोफेसर के रूप में अथवा इनके समकक्ष की गई पिछली नियमित सेवाओं, चाहे वे राष्ट्रीय हों अथवा अंतर्राष्ट्रीय, को सीधी भर्ती हेतु तथा कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) के अंतर्गत सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर अथवा परिशिष्ट–1 तालिका संख्या–II में दिए गए अन्य किसी नाम वाले पदों हेतु पदोन्नति के लिए गिना जाना चाहिए, बशर्ते कि :–

(क) धारण किए गए पद हेतु अर्हता, सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा प्रोफेसर जैसा भी मामला हो, के पद हेतु अभातशिप द्वारा निर्धारित की गई अर्हताओं की तुलना में न्यून (कम) नहीं होनी चाहिए।

(ख) पद समकक्ष ग्रेड में हो/रहा हो अथवा वेतनमान सहायक प्रोफेसर, (लैक्चरर), एसोसिएट प्रोफेसर (रीडर) तथा प्रोफेसर के पदों के पूर्व संशोधित वेतनमान स्तर के हो।

(ग) अभ्यर्थी ने सीधी भर्ती के लिए उचित माध्यम से आवेदन किया हो।

(घ) संबंधित सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, तथा प्रोफेसर की न्यूनतम अर्हता, सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा प्रोफेसर, जैसा भी मामला हो, के पद पर नियुक्ति के लिए अभातशिप द्वारा निर्धारित की गई न्यूनतम योग्यता के समान होनी चाहिए।

IndiaCode

(ङ) पदों को, इन नियुक्तियों हेतु विश्वविद्यालय/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/संबंधित संस्थाओं के विनियमों में निर्धारित की गई चयन प्रक्रिया के अनुसार भरा गया हो।

(च) पिछली नियुक्ति किसी भी समयावधि में, अतिथि लेक्चरर अथवा तदर्थ अथवा छुट्टी रिक्ती में, एक वर्ष से कम अवधि के लिए न की गई हो। एक वर्ष से अधिक समयावधि के लिए तदर्थ अथवा अस्थाई सेवाओं को इसके लिए गिना जा सकता है, बशर्ते कि :—

[i] सेवा की समयावधि एक वर्ष से अधिक की हो ;

[ii] पदधारी की नियुक्ति विधिवत् तौर पर गठित समिति की अनुशंसा से की गई हो ;

[iii] पदधारी का चयन तदर्थ अथवा अस्थाई सेवा से निरंतरता में स्थाई पद पर कर लिया गया हो ; तथा

[iv] स्थाई आधार पर नियुक्त कर्मचारी की सेवा में कृत्रिम अंतराल का प्रयोग कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए नहीं किया जाएगा। स्थाई आधार पर नियुक्त किए गए व्यक्ति को उसके द्वारा प्रदान की गई संपूर्ण सेवाओं का लाभ कृत्रिम अंतराल/सेवा में अंतराल होते हुए भी उसकी प्रथम नियुक्ति (अस्थाई/संविदा/तदर्थ) की तिथि से दिया जाना चाहिए।

(छ) इस खण्ड के अंतर्गत पिछली सेवाओं को गिनने (शामिल) करने पर विचार करते समय उस संस्था (निजी/स्थानीय निकाय/सरकारी) जहां पिछली सेवाएं पूरी की गई हैं, के प्रबंधन प्रकार संबंधी कोई भेद (अंतर) नहीं किया जाएगा।

डॉ. के. पी. आईजैक, सदस्य-सचिव

[विज्ञापन III/4/162/12/असा.]

4266 GI/12-4

परिशिष्ट—I

तालिका—1

विश्वविद्यालय/महाविद्यालय (कॉलेज) के शिक्षकों की भर्तियों तथा कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) पदोन्नतियों में अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई) हेतु प्रस्तावित स्कोर

श्रेणी I : शिक्षण, अधिगम (लर्निंग) एवं मूल्याँकन संबंधी कार्यकलाप

संक्षिप्त ब्यौरा: शिक्षकों के स्व–मूल्यांकन पर आधारित अकादमिक निष्पादन सूचकाँक स्कोर (क) शिक्षण संबंधी कार्यकलापों, (ख) कार्यक्षेत्र ज्ञान; (ग) परीक्षा तथा मूल्यांकन में सहभागिता; (घ) नवोन्मेषी शिक्षण, नवीन पाठ्यक्रमों आदि में योगदान हेतु प्रस्तावित हैं। इस श्रेणी के शिक्षकों द्वारा अपेक्षित न्यूनतम अकादमिक निष्पादन सूचकांक स्कोर 75 है। जहाँ तक संभव हो, स्व–मूल्यांकन स्कोर उद्देश्यपरक प्रमाणनीय मानदण्ड पर आधारित होना चाहिए तथा यह स्क्रीनिंग/चयन समिति द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

क्रम सं0	कार्यकलाप की प्रकृति	अधिकतम अंक (स्कोर)
1.	व्याख्यानों (लेक्चर्स), संगोष्ठियों, अनुशिक्षण कक्षाओं, प्रैक्टिकल्स, निर्धारित संपर्क घंटों, आबंटित व्याख्यानों (लेक्चरों) के प्रतिशत रूप में *	50
2.	अभातशिप मानकों के अतिरिक्त व्याख्यान (लेक्चर्स) अथवा अन्य शिक्षण कार्य	10
3.	पाठ्यचर्या के अनुसार जानकारी/अनुदेशन देना अथवा तैयारी; विद्यार्थियों को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराते हुए पाठ्यक्रम संवृद्धि।	20
4.	सहभागिता एवं नवोन्मेषी शिक्षण–अधिगम पद्धति का उपयोग; विषयवस्तु को अद्यतन करना, पाठ्यक्रम सुधार आदि	20
5.	परीक्षा ड्यूटी (निरीक्षण, प्रश्न–पत्र तैयार करना, मूल्यांकन/उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन/आंकलन) आबंटन अनुसार	25
	कुल स्कोर	**125**
	न्यूनतम अपेक्षित ए.पी.आई. स्कोर	**75**

विश्वविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे कार्यकलापों का ब्यौरा दें तथा जहाँ संस्थागत विनिर्देशनों की अपेक्षा की जाती है, वहाँ इस श्रेणी के तहत अपेक्षित कुल न्यूनतम अकादमिक निष्पादन सूचकांक स्कोर में परिवर्तन किए बगैर वेटेज को समायोजित करें।

नोट : * शिक्षकों के विशेष वर्ग हेतु अभातशिप मानकों के अनुसार आबंटित व्याख्यानों (लेक्चरों) तथा अनुशिक्षण कक्षाओं को शामिल करना। विश्वविद्यालय उपर्युक्त 1 हेतु, 80 प्रतिशत न्यूनतम कट ऑफ (निबलदेय अवकाश) निर्धारित कर सकता है, इन उप–वर्गों में इससे कम कोई स्कोर नियत नही है।

श्रेणी II : सह–पाठयेत्तर, विस्तार तथा व्यावसायिक विकास संबंधी कार्यकलाप

संक्षिप्त ब्यौरा: शिक्षक के स्व–मूल्यांकन के आधार पर, सह–पाठयेत्तर, विस्तार क्रियाकलापों; तथा व्यावसायिक विकास संबंधी योगदानों के लिए श्रेणी–II के अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई.) अंक प्रस्तावित हैं। पदोन्नति के लिए शिक्षक द्वारा अनिवार्य न्यूनतम अर्हता ए.पी.आई. अंक 15 हैं। मदों की सूची तथा प्रस्तावित अंक नीचे दिए गए हैं। यह नोट किया जा सकता है कि सभी शिक्षक अनेक मदों से अंक अर्जित कर सकते हैं, जबकि कुछ क्रियाकलाप केवल एक शिक्षक या कुछ शिक्षकों द्वारा किए जायेंगे। इस श्रेणी में न्यूनतम अपेक्षित (15) ए.पी.आई. अंकों हेतु क्रियाकलापों की सूची व्यापक है, जो सभी शिक्षकों के खाते में जमा होंगे। पूर्व की भाँति, स्व–मूल्यांकन अंक निष्पक्षता द्वारा निरीक्षित किए जाने वाले मानदंड पर आधारित होने चाहिएं तथा इसे स्क्रीनिंग/चयन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जायेगा।

नीचे दी गई मानक तालिका ए.पी.आई. अंकों तथा क्रियाकलापों के समूहों को दर्शाती है। विश्वविद्यालय क्रियाकलापों का विस्तृत ब्यौरा दे सकता है अथवा यदि संस्थागत विशिष्ट अपेक्षित हो, तो उनके वेटेज का, इस श्रेणी के तहत अपेक्षित न्यूनतम कुल ए.पी.आई. अंकों को बिना बदले समायोजित करें।

क्रम सं0	कार्यकलाप की प्रकृति	अधिकतम अंक (स्कोर)
1.	विद्यार्थी संबंधी सह–पाठयेत्तर, विस्तार तथा क्षेत्र आधारित कार्यकलाप (जैसे एन.एस.एस./एन.सी.सी. तथा अन्य चैनलों, सांस्कृतिक कार्यकलापों, विषय संबंधी घटनाक्रम, विज्ञापन तथा परामर्श के माध्यम से विस्तार कार्य)।	20
2.	विभाग और संस्थान की अकादमिक तथा प्रशासनिक समितियों और उत्तरदायित्वों के माध्यम से प्रबंधन तथा कारपोरेट जीवन में योगदान।	15
3.	व्यावसायिक विकास कार्यकलाप (जैसे सम्मेलनों, संगोष्ठियों, अल्पकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों, चर्चाओं, व्याख्यानों में भागीदारी, संघों की सदस्यता तथा प्रसार तथा सामान्य मदें, जिन्हें नीचे श्रेणी III में सम्मिलित नहीं किया गया है)।	15
	कुल स्कोर	**50**
	न्यूनतम अपेक्षित ए.पी.आई. स्कोर	**15**

श्रेणी III : अनुसंधान (शोध) तथा अकादमिक योगदान

संक्षिप्त ब्यौरा: शिक्षक के स्व–मूल्यांकन के आधार पर, अनुसंधान तथा अकादमिक योगदानों के लिए अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई.) अंक प्रस्तावित हैं। इस श्रेणी के लिए अपेक्षित न्यूनतम अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई.) अंक विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों के बीच पदोन्नतियों के विभिन्न स्तरों के लिए अलग–अलग हैं। स्व–मूल्यांकन अंक सत्यापन किए जाने योग्य मानदंड पर आधारित हैं तथा इन्हें स्क्रीनिंग/चयन समितियों द्वारा अंतिम रूप दिया जायेगा।

क्रम सं0	अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई)	इंजीनियरिंग	भाषा/मानविकी/सामाजिक विज्ञान/प्रबंधन संकाय	विश्वविद्यालय तथा कॉलेज शिक्षक के पद के लिए अधिकतम अंक
III (क)	इनमें प्रकाशित अनुसंधान पत्र :	संदर्भित जर्नल्स*	संदर्भित जर्नल्स*	15/प्रकाशन
		गैर–संदर्भित परंतु मान्य एवं जाने–माने जर्नल्स तथा पिरीयोडिकल, जिनके आई.एस.बी.एन/आई.एस.एस.एन. नंबर हों।	गैर–संदर्भित परंतु मान्य एवं जाने–माने जर्नल्स तथा पिरीयोडिकल, जिनके आई.एस.बी.एन. /आई.एस.एस.एन. नंबर हों।	10/प्रकाशन
		पूर्ण कागजातों आदि के रूप में संगोष्ठी/सम्मेलन की कार्यवाहियाँ (सार सम्मिलित न किया जाए)	पूर्ण कागजातों आदि के रूप में संगोष्ठी/सम्मेलन की कार्यवाहियाँ (सार सम्मिलित न किया जाए)	अंतर्राष्ट्रीय 10/प्रकाशन राष्ट्रीय 5/प्रकाशन
III (ख)	अनुसंधान प्रकाशन (संदर्भित जर्नल लेखों के अतिरिक्त पुस्तकें, पुस्तकों में अध्याय)	पाठ्य या संदर्भ पुस्तकें, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा जानी–मानी 'पीयर रिव्यू प्रणाली' द्वारा प्रकाशित किया गया हो।	पाठ्य या संदर्भ पुस्तकें, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा जानी–मानी 'पीयर रिव्यू प्रणाली' द्वारा प्रकाशित किया गया हो।	एक मात्र लेखक द्वारा 50/, संपादित पुस्तक में 10/अध्याय।
		केन्द्र सरकार के प्रकाशनों तथा राष्ट्रीय/राज्य स्तर	केन्द्र सरकार के प्रकाशनों तथा राष्ट्रीय/राज्य स्तर के	एक मात्र लेखक द्वारा 25/, तथा संपादित पुस्तक

InfoCode

		के प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित विषयगत पुस्तकें, जिनकी आई.एस.बी.एन./आई.एस.एस.एन. संख्या हों।	प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित विषयगत पुस्तकें, जिनकी आई.एस.बी.एन./आई.एस.एस.एन. संख्या हों।	में 5/अध्याय।
		आई.एस.बी.एन./आई.एस.एस.एन. संख्या वाली अन्य स्थानीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित विषयगत पुस्तकें।	आई.एस.बी.एन./आई.एस.एस.एन. संख्या वाली अन्य स्थानीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित विषयगत पुस्तकें।	एक मात्र लेखक द्वारा 15/; तथा संपादित पुस्तक में 3/अध्याय।
		ज्ञान आधारित खंडों में अध्यायों का संपादन योगदान (अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित)।	ज्ञान आधारित खंडों में अध्यायों का संपादन योगदान (अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित)।	10/अध्याय
		ज्ञान आधारित खंडों में अध्यायों का संपादन योगदान (अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित) भारतीय/राष्ट्रीय स्तर के प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित ज्ञान आधारित खंडों में अध्याय (जिनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टरी के नंबरों सहित आई.एस.बी.एन/ आई.एस.एस.एन. नंबर हों)।	भारतीय/राष्ट्रीय स्तर के प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित ज्ञान आधारित खंडों में अध्याय (जिनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टरी के नंबरों सहित आई.एस.बी.एन/ आई.एस.एस.एन. नंबर हों)।	5/अध्याय
III (ग)	**अनुसंधान परियोजनाएं**			
III. (ग). (i)	प्रायोजित परियोजनाएं (समाप्त/चल रही परियोजनाएं)	30.0 लाख रूपये से ऊपर के अनुदान से चलाई जाने वाली बड़ी परियोजनाएं।	5.0 लाख रूपये से ऊपर के अनुदान से चलाई जाने वाली बड़ी परियोजनाएं।	20/प्रति परियोजना

4266 GI/12-5

		5.0 लाख रूपये से 30.00 लाख रूपए तक के अनुदान से चलाई जाने वाली बड़ी परियोजनाएं।	न्यूनतम 3.00 लाख से 5.00 लाख रूपए तक के अनुदान से चलाई जाने वाली बडी परियोजनाएं।	15/प्रति परियोजना
		लघु परियोजनाएं (50,000 रूपये से 5 लाख रूपए तक के अनुदान से चलाई जाने वाली लघु परियोजनाएं)	लघु परियोजनाएं (25,000 रूपये से 3 लाख रूपए तक के अनुदान से चलाई जाने वाली लघु परियोजनाएं)	10/प्रति परियोजना
III (ग) (ii)	परामर्शदात्री परियोजनाएं (समाप्त/चल रही परियोजनाएं)	न्यूनतम 3.00 लाख रूपए की धनराशि वाली परियोजनाएं	न्यूनतम 1.00 लाख रूपए की धनराशि वाली परियोजनाएं	10/प्रति 3 लाख रूपये पर तथा 1 लाख रूपये पर
III (ग) (iii)	पूर्ण की गई परियोजनाएं (गुणवत्ता मूल्यांकन)	पूर्ण की गई परियोजना की रिपोर्ट (वित्तपोषण करने वाली एजेंसी द्वारा स्वीकार्यता)	पूर्ण की गई परियोजना की रिपोर्ट (वित्तपोषण करने वाली एजेंसी द्वारा स्वीकार्यता)	20/प्रति बड़ी परियोजना
				10/प्रति लघु परियोजना
III (ग) (iv)	परियोजनाएं निष्कर्ष/परिणाम	केन्द्र तथा राज्य स्तर के सरकारी निकायों के बृहद् नीतिगत दस्तावेज पेटेंट/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण/उत्पाद/प्रक्रिया	केन्द्र तथा राज्य स्तर के सरकारी निकायों के बृहद् नीतिगत दस्तावेज पेटेंट/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण/उत्पाद/प्रक्रिया	30/प्रति राष्ट्रीय स्तर परिणाम या पेटेंट
				50/प्रति अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए
III (घ)	**अनुसंधान मार्गदर्शन**			
III. (घ). (i)	एम.फिल./एम.ई./एम.टेक	केवल डिग्री प्रदान की गई	केवल डिग्री प्रदान की गई	3/प्रति अभ्यर्थी
III. (घ). (ii)	पीएच.डी.	केवल डिग्री प्रदान की गई	केवल डिग्री प्रदान की गई	10/प्रति अभ्यर्थी
		शोध प्रबंध जमा किया गया	शोध प्रबंध जमा किया गया	7/प्रति अभ्यर्थी

IndiaCode

III (ड़)	**प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तथा सम्मेलन/संगोष्ठी/कार्यशाला पत्र**			
III. (ड़). (i)	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, पद्धति कार्यशाला, प्रशिक्षण, शिक्षण–अधिगम–मूल्यांकन प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, साफ्ट दक्षता विकास कार्यक्रम, संकाय विकास कार्यक्रम, जिनमें भाग लिया {अधिकतम 30 अंक (प्वाईंट)}	(क) दो सप्ताहों से कम की अवधि न हो।	(क) दो सप्ताहों से कम की अवधि न हो।	20/प्रति
		(ख) एक सप्ताह की अवधि	(ख) एक सप्ताह की अवधि	10/प्रति
III. (ड़). (ii)	सम्मेलनों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं आदि में पत्र**।	निम्नलिखित में अनुसंधान पत्रों (मौखिक/पोस्टर) की भागीदारी तथा प्रस्तुतिकरण :	निम्नलिखित में अनुसंधान पत्रों (मौखिक/पोस्टर) की भागीदारी तथा प्रस्तुतिकरण :–	
		(क) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन	(क) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन	15/प्रति
		(ख) राष्ट्रीय	(ख) राष्ट्रीय	10/प्रति
		(ग) क्षेत्रीय/राज्य स्तर	(ग) क्षेत्रीय/राज्य स्तर	5/प्रति
		(घ) स्थानीय विश्वविद्यालय/कॉलेज स्तर	(घ) स्थानीय विश्वविद्यालय/कॉलेज स्तर	3/प्रति
III. (ड़). (iii)	सम्मेलनों/परिसंवादों हेतु व्याख्यान या प्रस्तुतिकरण आमंत्रित	(क) अंतर्राष्ट्रीय	(क) अंतर्राष्ट्रीय	10/प्रति
		(ख) राष्ट्रीय स्तर	(ख) राष्ट्रीय स्तर	5/प्रति

IndiaCode

*जहाँ कहीं भी विशिष्ट विधा के लिए संगत हो, संदर्भित जर्नलों में पत्रों हेतु ए.पी.आई. अंकों को निम्नानुसार बढ़ाया जायेगा (i) इन्डेक्सड जर्नल्स–5 अंकों से; (ii) 1 तथा 2 के बीच "इम्पेक्ट फैक्टर" वाले पत्रों के लिए–10 अंकों से; (iii) 2 से 5 के बीच "इम्पेक्ट फैक्टर" वाले पत्रों के लिए–15 अंकों से; (iv) 5 से 10 के बीच "इम्पेक्ट फैक्टर" वाले पत्रों के लिए–25 अंकों से।

**यदि किसी पत्र को किसी सम्मेलन/संगोष्ठी में रखा गया हो तथा कार्यवाही के रूप में प्रकाशित किया गया हो, तो अंक प्रकाशन के लिए ही जमा होंगे {III (क)}, न की प्रस्तुतिकरण के लिए जमा होंगे {III (ड) (ii)}

नोट:

1. इन विनियमों में प्रस्तावित है कि समन्वय समिति तथा विश्वविद्यालय के लिए आवश्यक होगा कि वह छः माह के भीतर श्रेणी–III 'क' तथा 'ख' के तहत जर्नल्स, पिरीयाडिकल्स तथा प्रकाशकों की विषय–वार सूची तैयार करे तथा उसे प्रकाशित करे। उस समय तक, स्क्रीनिंग/चयन समितियां प्रकाशनों के श्रेणीकरण तथा अंकों का मूल्यांकन तथा सत्यापन करेंगी।

2. संयुक्त प्रकाशनों हेतु ए.पी.आई. का निम्नलिखित पद्धति से परिकलन करना होगा: संबंधित शिक्षक द्वारा संगत श्रेणी के प्रकाशन के कुल अंकों से प्रथम/मूल लेखक तथा उसके समकक्ष शिक्षक के लेखक/पर्यवेक्षक/मैन्टर कुल अंकों को समान रूप से बाँट लेंगे, यदि लेखकों की संख्या अधिक हो, तो पहले दो लेखकों को कुल अंकों के 60 प्रतिशत के बराबर अंक मिलेंगे तथा शेष 40 प्रतिशत अंक सभी अन्य लेखकों द्वारा बराबर बांटे जायेंगे।

IndiaCode

तालिका–II (क)

विश्वविद्यालय के विभागों में कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) के अंतर्गत शिक्षकों की पदोन्नति के लिए, परिशिष्ट–I तालिका–I में दिये गये अनुसार, लागू किए जाने वाले न्यूनतम अकादमिक निष्पादन सूचकांक, (ए.पी.आई) तथा विशेषज्ञ मूल्यांकन हेतु वेटेज अंक

क्रम सं0		सहायक प्रोफेसर / समवर्ती संवर्ग (स्टेज 1 से स्टेज 2)	सहायक प्रोफेसर / समवर्ती संवर्ग (स्टेज 2 से 3 स्टेज तक)	सहायक प्रोफेसर (स्टेज 3) से एसोसिएट प्रोफेसर / समवर्ती संवर्ग (स्टेज 4)	एसोसिएट प्रोफेसर (स्टेज 4) से प्रोफेसर / समवर्ती संवर्ग (स्टेज 5)	प्रोफेसर (स्टेज 5) से प्रोफेसर (स्टेज 6)
I	शिक्षण–अधिगम, मूल्यांकन संबंधी क्रियाकलाप (श्रेणी–I)	75 / वर्ष	75 / वर्ष	75 / वर्ष	75 / वर्ष	75 / वर्ष
II	सह- पाठ्येतर विस्तार तथा व्यवसाय संबंधी कार्यकलाप (श्रेणी– II)	15 / वर्ष	15 / वर्ष	15 / वर्ष	15 / वर्ष	15 / वर्ष
III	श्रेणी –I और श्रेणी –II के तहत न्यूनतम कुल औसत वार्षिक अंक*	100 / वर्ष	100 / वर्ष	100 / वर्ष	100 / वर्ष	100 / वर्ष
IV	अनुसंधान और अकादमिक योगदान (श्रेणी– III)	10 / वर्ष (40 / मूल्यांकन अवधि)	20 / वर्ष (100 / मूल्यांकन अवधि)	30 / वर्ष (90 / मूल्यांकन अवधि)	40 / वर्ष (120 / मूल्यांकन अवधि)	50 / वर्ष (500 / मूल्यांकन अवधि)
V	विशेषज्ञ मूल्यांकन प्रणाली	स्क्रीनिंग समिति	स्क्रीनिंग समिति	चयन समिति	चयन समिति	विशेषज्ञ समिति
	विशेषज्ञ मूल्यांकन में वेटेज अंकों का प्रतिशत वितरण (कुल वेटेज अंक = 100) पदोन्नति के लिए कम से कम 50 अंक अपेक्षित है।	अलग से कोई अंक नहीं। स्क्रीनिंग समिति को ए.पी.आई. अंकों (स्कोर) का सत्यापन करना है।	अलग से कोई अंक नहीं। स्क्रीनिंग समिति को ए.पी.आई. अंकों (स्कोर) का सत्यापन करना है।	अनुसंधान में योगदान 30 प्रतिशत। कार्यक्षेत्र ज्ञान का मूल्यांकन तथा शिक्षण प्रैक्टिस–50 प्रतिशत। साक्षात्कार निष्पादन–20 प्रतिशत।	अनुसंधान में योगदान–50 प्रतिशत। कार्यक्षेत्र ज्ञान तथा शिक्षण प्रैक्टिस–30 प्रतिशत। साक्षात्कार निष्पादन–20 प्रतिशत।	अनुसंधान में योगदान–50 प्रतिशत। निष्पादन मूल्यांकन तथा संदर्भ प्रक्रिया द्वारा अन्य प्रत्यय पत्र–50 प्रतिशत।

नोट: उन विश्वविद्यालयों के लिए जहाँ छठा पी.आर.सी. अवार्ड लागू है, वहाँ 6000, 7000, 8000, 9000, 10,000 तथा 12,000 रुपए की समवर्ती एजीपी की क्रमशः 1,2,3,4,5 और 6 स्टेज हैं।

4566 GI/12–6

तालिका II (ख)

कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) के अंतर्गत महाविद्यालयों (स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर) में शिक्षकों की पदोन्नति के लिए, तालिका 1 में दिए गये अनुसार, लागू किए जाने वाले अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई.) तथा विशेषज्ञ मूल्यांकन हेतु वेटेज अंक।

क्रम सं0		सहायक प्रोफेसर/ समवर्ती संवर्ग: (स्टेज 1 से स्टेज 2)	सहायक प्रोफेसर/ समवर्ती संवर्ग: (स्टेज 2 से स्टेज 3 तक)	सहायक प्रोफेसर (स्टेज 3) से एसोसिएट प्रोफेसर/समवर्ती संवर्ग (स्टेज 4)	निरूपित पदों के अनुसार महाविद्यालयों में एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद (स्टेज 5) पर पदोन्नति
i	शिक्षण–अधिगम, मूल्यांकन संबंधी क्रियाकलाप (श्रेणी–I)	75/वर्ष	75/वर्ष	75/वर्ष	75/वर्ष
ii	सह–पाठ्येतर, विस्तार तथा व्यवसाय संबंधी क्रियाकलाप (श्रेणी–II)	15/वर्ष	15/वर्ष	15/वर्ष	15/वर्ष
iii	श्रेणी– I और श्रेणी–II के तहत न्यूनतम कुल औसत वार्षिक अंक*	100/वर्ष	100/वर्ष	100/वर्ष	100/वर्ष
iv	अनुसंधान और अकादमिक योगदान (श्रेणी– III)	5/वर्ष (20/मूल्यांकन अवधि)	10/वर्ष (50/मूल्यांकन अवधि)	15/वर्ष (45/मूल्यांकन अवधि)	20/वर्ष (60/मूल्यांकन अवधि)
	विशेषज्ञ मूल्यांकन प्रणाली	स्क्रीनिंग समिति	स्क्रीनिंग समिति	चयन समिति	चयन समिति
v	विशेषज्ञ मूल्यांकन मे वेटेज अंकों का प्रतिशत वितरण (कुल वेटेज अंक=100) पदोन्नति के लिए कम से कम 50 अंक अपेक्षित हैं।	अलग से कोई अंक नहीं। स्क्रीनिंग समिति को ए.पी.आई. अंकों का सत्यापन करना है।	अलग से कोई अंक नहीं। स्क्रीनिंग समिति को ए.पी.आई. अंकों का सत्यापन करना है।	अनुसंधान में योगदान–20 प्रतिशत। कार्यक्षेत्र ज्ञान तथा शिक्षण प्रेक्टिस–60प्रतिशत। साक्षात्कार निष्पादन–20 प्रतिशत।	अनुसंधान में योगदान–30 प्रतिशत। कार्यक्षेत्र ज्ञान तथा शिक्षण प्रेक्टिस–50 प्रतिशत। साक्षात्कार निष्पादन–20 प्रतिशत।

* शिक्षक श्रेणी I या श्रेणी II में से 10 अंक प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे श्रेणी I+II के तहत न्यूनतम अपेक्षित अंक प्राप्त कर सकें।

नोट: उन विश्वविद्यालयों के लिए जहाँ छठा पी.आर.सी. अवार्ड लागू है, वहाँ 6000, 7000, 8000, 9000 तथा 10,000 रूपए की समवर्ती एजीपी की क्रमशः 1,2,3,4 और 5 स्टेज हैं।

IndiaCode

तालिका II (क) तथा II (ख) के लिए व्याख्यात्मक टिप्पण

1. सभी विश्वविद्यालय/कॉलेज इन तालिकाओं में अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई.) से संबंधित अपेक्षित सूचना के लिए सत्यापन योग्य प्रणाली, इन विनियमों के अधिसूचित होने से तीन माह के भीतर स्थापित करेंगे। इनका विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी.) द्वारा वार्षिक रूप से दस्तावेजीकरण, तथा परितुलन करना होगा, ताकि विश्वविद्यालय/कॉलेज प्राधिकरण अनुवर्ती कार्यवाही करें। इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए, सभी शिक्षक वार्षिक रूप से आई.क्यू.ए.सी. को एक विधिवत रूप से भरा हुआ निष्पादन आधारित मूल्यांकन प्रणाली (पी.बी.ए.एस.) प्रपत्र प्रस्तुत करेंगे।
2. तथापि, पूर्ववर्ती की सूचना को एकत्रित करने में समस्या का समाधान करने हेतु तथा कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) पदोन्नति में 31.12.2010 से इन विनियमों को कार्यान्वित करने के लिए ए.पी.आई. आधारित पी.बी.ए.एस. को भविष्य में उत्तरोत्तर समाप्त कर दिया जाएगा।
3. तदनुसार, प्रारंभ में विश्वविद्यालय/कॉलेजों में मौजूदा प्रणाली के तहत तालिका II(क) तथा II(ख) में यथा दर्शाए गए औसत न्यूनतम प्राप्तांक के साथ इन तालिकाओं में उल्लिखित श्रेणी I तथा II के ए.पी.आई. प्राप्तांकों के आधार पर पी.बी.ए.एस. एक वर्ष के लिए लागू की जाएगी। वार्षिक रूप से निकाले गए ए.पी.आई. प्राप्तांकों को तत्पश्चात् उत्तरोत्तर जोड़ना होगा, जैसे ही शिक्षक अगले संवर्ग में सी.ए.एस. के लिए योग्य हो जाता है। इस प्रकार से, यदि कोई शिक्षक वर्ष 2011 में सी.ए.एस पदोन्नति के लिए पात्र होता है, तो केवल 2009-2010 के ए.पी.आई. प्राप्तांक ही मूल्यांकन के लिए अपेक्षित होंगे। यदि शिक्षक वर्ष 2012 में सी.ए.एस. पदोन्नति हेतु पात्र होता है तो, इन श्रेणियों के लिए दो वर्ष की औसत की ही मूल्यांकन हेतु आवश्यकता होगी, इसी प्रकार उत्तरोत्तर संपूर्ण मूल्यांकन अवधि पूर्ण की जाएगी।
4. जैसा कि तालिका II में दर्शाया गया है, प्रत्येक श्रेणी में न्यूनतम विहित प्राप्तांकों के अध्यधीन अपेक्षित न्यूनतम ए.पी.आई. प्राप्तांक के कुल जमा को किन्हीं दो विस्तृत श्रेणियों से जोड़ा जा सकता है। यह उन शिक्षकों को उचित महत्व (अंक) प्रदान करेगा, जो कि श्रेणी I तथा II में दिए गए किसी घटक के माध्यम से अतिरिक्त योगदान करते हैं साथ ही विभिन्न संस्थागत ढांचे में पृथक प्रकृति का संभव योगदान भी करते हैं।
5. श्रेणी III के लिए (अनुसंधान तथा अकादमिक योगदान), शिक्षकों द्वारा पिछले रिकार्ड का रख-रखाव सामान्य आधार पर किया जाता है, इसलिए संपूर्ण मूल्यांकन अवधि के लिए इस श्रेणी हेतु ए.पी.आई. प्राप्तांक को लागू करने में किसी समस्या की परिकल्पना नहीं की गई है। इस श्रेणी में, प्रत्येक स्टेज में पदोन्नति के लिए कुल न्यूनतम प्राप्तांक अपेक्षित होता है। वैकल्पिक रूप से किसी शिक्षक को पिछले दो स्टेजों को एक साथ मिलाकर न्यूनतम कुल प्राप्तांक प्राप्त करने होंगे।
6. अभ्यर्थी, यदि तालिका-I और II में दर्शाए गए न्यूनतम ए.पी.आई. प्राप्तांकों को पूरा करते हैं, तो उन्हें पदोन्नति के लिए मूल्यांकन हेतु अपेक्षित प्रोफार्मा में स्वयं आवेदन करना चाहिए। यदि वे अपने आपको पात्र मानते हैं, तो अंतिम तिथि से तीन माह पूर्व वे ऐसा कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी अपने आपको पात्र नहीं समझते हैं, वे भी बाद में आवेदन कर सकते हैं।
7. तथापि, यदि अभ्यर्थी अंतिम मूल्यांकन पर, तालिका II (क) तथा II (ख) की पंक्ति तीन और चार के तहत न्यूनतम मानदंड को पूरा नहीं करते हैं, या विशेषज्ञ मूल्यांकन में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं तो उनका पुनःमूल्यांकन एक वर्ष की अवधि के बाद ही किया जाएगा।
8. (क) यदि अभ्यर्थी न्यूनतम पात्रता अवधि को पूरा होने पर पदोन्नति के लिए आवेदन करता है तथा सफल होता है तो पदोन्नति की तिथि पात्रता की न्यूनतम अवधि मानी जाएगी।

(ख) तथापि, यदि अभ्यर्थी यह पाता है कि वह बाद की तिथि में पात्रता की शर्तें पूरा करता है तथा उस तिथि को आवेदन करता है और सफल होता है तो उसकी पदोन्नति आवेदन की तिथि से मानी जाएगी।

(ग) यदि अभ्यर्थी प्रथम मूल्यांकन में सफल नहीं होता है परंतु बाद के मूल्यांकन में सफल होता है तो उसकी पदोन्नति बाद की तिथि से मानी जाएगी।

तालिका–II (ग)

विश्वविद्यालय के विभागों/महाविद्यालयों (कालेजों) में शिक्षकों की सीधी भर्ती के लिए अकादमिक निष्पादन सूचकांक (ए.पी.आई.) हेतु न्यूनतम स्कोर तथा विनियमों में विनिर्धारित अन्य विशिष्ट पात्रता अर्हताओं के साथ–साथ चयन समिति द्वारा वेटेज दिए जाने वाले बिन्दु

	सहायक–प्रोफेसर/समवर्ती संवर्ग (स्टेज 1)	एसोसिएट प्रोफेसर/समवर्ती संवर्ग (स्टेज 4)	प्रोफेसर/समवर्ती संवर्ग (स्टेज 5)
